NT>

Title: Need to allow the technical employees of Indian Railways to mark their attendance in the office.

श्री सुबोध राय : उपाध्यक्ष महोदय, देश के तमाम रेलवे विभागों में जो टेक्नीकल कर्माचारी काम करते हैं, उनको अपनी ड्यूटी के समय हाजिरी लगाने का कोई अधिकार नहीं है। उनकी हाजिरी बड़े अधिकारियों द्वारा लगाई जाती है। मेरा कहना है कि 10 लाख कर्मचारियों के साथ बड़ा अन्याय हो रहा है। उनके साथ गुलामों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। उनको हर वक्त अपमान सहना पड़ता है। इसलिए मेरी भारत सरकार से मांग है कि उन कर्मचारियों को जो रेलवे के टेक्नीकल इम्प्लाइज हैं, उनको अपनी ड्यूटी के समय हाजिरी लगाने का अधिकार मिलना चाहिए जैसे बाकी कर्मचारियों को हाजिरी लगाने का अधिकार है।